Jaipur, Wednesday, 01 october 2025 @Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 32 | Pages 04 | ₹3.00

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN



HAPPY NAVRATRI

## May Navratri bring good fortune, prosperity to all: Mahanavami



FAIR REPORT
SPECIAL FEATURE

Prime Minister Narendra Modi extended Mahanavami greetings to the countrymen and prayed for their well-being and prosperity. The ninth day of Navratri is celebrated as Mahanavami, which is dedicated to Goddess Siddhidatri.

Taking to X, the Prime Minister said, "Heartfelt wishes to all of you on the occasion of Mahanavami! May this auspicious occasion of Navratri bring good fortune, prosperity, and success to everyone; that is my wish." Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath also took to social media and extended his greetings.

In a post on X, the Uttar Pradesh Chief Minister stated, "Heartfelt congratulations to all devotees, worshippers, and residents of the state on the auspicious occasion of 'Mahanavami'!" "May everyone attain a life filled with glory, prosperity, and good health through the grace of Mother Siddhidatri, the ninth form of the compassionate Mother Durga, and may her grace ever remain upon the entire animate and inanimate world," he added. Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami also extended his best wishes on the occasion.

"Heartfelt congratulations and best wishes to all of you on the sacred festival of the ninth day of Navratri, dedicated to the worship of Maa Siddhidatri, the presiding deity of the eight great siddhis (spiritual powers). May Mother Goddess grant you all strength, peace, and progress," he said in a post on X. Siddhidatri means 'the one who grants supernatural powers'. 'Siddhi' denotes supernatural ability or meditative skill, while 'Dhatri' signifies giver or bestower.

She is venerated on the ninth day of Navaratri, known as Navadurga, and fulfils all divine aspirations.


Shiva is also known as Ardhanarishwara because one side of his body represents Siddhidatri. According to Vedic scriptures, he achieved all siddhis by worshipping this Goddess.

## SPIR 2025: Torture Justified, Bias Entrenched

# Policing Norms in India Remain Alarming

FAIR REPORT

**New Delhi:** A disturbing number of police personnel across India continue to justify torture, sidestep legal procedures, and hold deeply entrenched biases against minorities and marginalised communities, according to the Status of Policing in India Report (SPIR) 2025 released this week. Conducted by Common Cause and Lokniti-CSDS, the report surveyed 8,276 police personnel in 17 states and Union Territories, offering a rare but candid snapshot of the mindset within Indian policing. The findings confirm what rights activists have long warned: the rot is not only systemic — it is also internalised.



### Torture: A 'Necessary' Evil?

Nearly 3 out of 10 officers openly said they believe torture — euphemistically referred to as "third-degree methods" — is justified in serious criminal cases. Alarmingly, 9% said it's acceptable even in petty offences.

### Due Process? Often Optional

The report finds that less than half (41%) of police personnel say arrest procedures are "always followed". In other words, a majority acknowledge that basic legal protocols — including timely court presentation and family notification — are frequently ignored. Jharkhand, Rajasthan, and Bihar scored especially poorly on procedural compliance. In contrast, Kerala emerged as a rare outlier with relatively high adherence to legal norms.

### Bias: Policing Through Prejudice

SPIR 2025 lays bare what many feared: prejudice is institutionalised. A significant number of police officers surveyed said certain communities — Muslims, Dalits, Adivasis, migrants — are "more prone" to crime.

This belief, the report argues, not only fuels unlawful detentions and profiling, but directly correlates with higher rates of custodial violence against these groups. Victims are overwhelmingly from poor, marginalised backgrounds — those least likely to access legal recourse.

### Accountability: Still Missing

Despite repeated Supreme Court warnings and NHRC guidelines, impunity remains the norm. The absence of a dedicated anti-torture law, coupled with weak internal oversight, ensures that even proven cases of abuse rarely lead to meaningful punishment. According to the report, there is widespread perception among officers that force is necessary — and should be protected from legal consequence. This mindset sits at odds with India's constitutional commitment to rule of law.

### The Urgent Fix List

- The report recommends an unambiguous roadmap for reform:
- Enact a standalone anti-torture law.
- Establish independent investigative bodies for custodial abuse cases.
- Mandate human rights and procedural training at all levels.

Create legal pathways for victim compensation and rehabilitation. Ensure transparent and public reporting of custodial deaths and torture claims.

### The Real Takeaway

SPIR 2025 does not expose an isolated failure — it reveals a culture of impunity and a policing system that continues to view rights as obstacles, not obligations. Until this culture is dismantled, reforms on paper will remain just that — paper.

## Deadly Attack on Former UP Minister Gayatri Prajapati Inside Lucknow Jail

FAIR REPORT

**Lucknow**, In a shocking security breach, former Uttar Pradesh minister Gayatri Prasad Prajapati, currently incarcerated in Lucknow jail, was the target of a violent attack by a fellow inmate earlier today. The assailant allegedly used a pair of scissors to stab Prajapati multiple times inside the prison premises.

Authorities responded swiftly to the incident, transferring Prajapati to the KGMU Trauma Centre for urgent medical treatment. His condition is currently under evaluation, and details about his injuries have not been disclosed publicly. The Director General of Prisons has confirmed that an investigation is underway to ascertain how the weapon entered the facility and who facilitated the attack. Officials emphasized that prison surveillance and security personnel are being questioned, and that the matter is being taken with utmost seriousness.

Prajapati, a Samajwadi Party leader, has been serving his sentence since 2017 for crimes including rape and criminal conspiracy. His high-profile political career and previous controversies have frequently brought attention to his jail status and prison safeguards.

## Clashes at Rajasthan University: NSUI Workers Lathi-Charged During Protest Against RSS Event

FAIR REPORT

**Jaipur,**Tension gripped Rajasthan University on Monday after student activists affiliated with the National Students' Union of India (NSUI) staged a protest against a programme organised by the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) on campus.

According to eyewitnesses, dozens of NSUI members gathered outside the venue, raising slogans and demanding that political or ideological events not be permitted within the university premises. The protest soon escalated as students attempted to block entry to the hall where the RSS programme was being held. Police personnel deployed at the site



resorted to lathi-charge when protesters tried to break through barricades. Several students were reportedly injured in the scuffle, and some were detained for disrupting public order.

NSUI leaders condemned the police action, calling it an attempt to "suppress democratic dissent". "The campus should be a space for education, not ideological imposition," an NSUI spokesperson said. Meanwhile, organisers of the RSS event maintained that the programme was cultural in nature and not politically motivated. University authorities have refrained from issuing an official statement, though sources said they had prior knowledge of the event and had requested police deployment anticipating unrest.

The incident has reignited debate over the role of political and ideological organisations in academic institutions. While NSUI has announced it will continue its agitation, police officials confirmed that security will remain tightened on campus to prevent further clashes.

# Behind the Number: India's External Debt Needs Watchful Eyes, Not Panic



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT

As reports circulate India's external debt touching 66.35 lakh crore, the number has sparked unease in some quarters. But while the figure may be dramatic, the reality is more nuanced — and more importantly, not without precedent. The challenge now is not the size of the debt, but how it is managed, explained, and justified.

### A Number That Needs Context

The Reserve Bank of India, in its latest report, placed the country's external debt at $736.3 billion (as of March 31, 2025), roughly 61.4 lakh crore. This is a 10% increase year-on-year, and the debt-to-GDP ratio has inched up to 19.1%, from 18.5% the previous year. These numbers are not insignificant — but they are not alarming either. India's debt levels remain below global risk thresholds. The economy has run higher debt loads in the past and has the buffers to support them, including foreign exchange reserves exceeding $600 billion.

What the widely cited 66.35 lakh crore figure lacks is official confirmation. No Finance Ministry or RBI document so far has used that number — suggesting that it may be a projection, or simply a misinterpretation of valuation-adjusted figures.

### Drivers of the Debt Rise

Multiple factors explain the rise in debt: Rupee depreciation against the U.S. dollar has raised the rupee value of dollar-denominated debt.

External commercial borrowings by Indian firms have increased, particularly in infrastructure, telecom, and clean energy. Public sector borrowing from multilateral lenders like the World Bank and ADB continues to fund long-gestation development projects. The composition of the debt matters. About half is long-term and largely concessional. A sizable portion is owed by private corporates, not the central government — though sovereign responsibility remains in play if things go south. The Finance Ministry has maintained that India's external liabilities remain within a "comfortable zone." Finance Minister Nirmala Sitharaman reiterated this in a written response in Parliament, pointing to strong reserves, healthy debt servicing capacity, and stable investor sentiment.

But comfort zones shift. What's manageable in one quarter can become risky in the next, particularly in a global environment still absorbing the aftershocks of monetary tightening, war-induced supply chain disruptions, and sluggish trade flows.

## Bharat Gaurav Train to Roll Out from October 5

FAIR REPORT

**New Delhi,** Indian Railways will flag off a new Bharat Gaurav Train on October 5, aimed at promoting domestic tourism under the government's Dekho Apna Desh initiative. The special theme-based train service will connect passengers to major religious, cultural, and historical sites, offering curated tour packages that include meals, accommodation, and local sightseeing. Railway officials said the train will run with modern facilities such as comfortable coaches, infotainment systems, onboard catering, and dedicated tour managers. "This is not just about transportation. The Bharat Gaurav Train is designed as a cultural journey on wheels, giving travelers an immersive experience of India's heritage," a senior Railway Ministry official told reporters. Launched in 2021, the Bharat Gaurav scheme allows private operators and IRCTC to run special trains on select circuits. The October 5 service will be part of the expanding network, which has already attracted strong interest from both domestic and international tourists.

विकास की बहाई गंगा : दीया कुमारी ने कहा-डेढ़ वर्ष में 21 हजार 650 करोड़ रुपए व्यय कर 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा

# बिछेगा सड़कों का जाल, खर्च होंगे 100 करोड़ से ज्यादा रुपए

FAIR REPORT

जोधपुर

जोधपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र लूणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास समारोह मंगलवार को ग्राम पंचायत सालावास में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य और संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 104.15 करोड़ रुपए की लागत से 60.70 किलोमीटर की 3 सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा विकसित सड़क तंत्र से प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने महज डेढ़ वर्ष में 21 हजार 650 करोड़ रुपए व्यय कर 30 हजार 381 किमी सड़कों का विकास करवाया और 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित हर उत्पाद की दरों की कटौती से महंगाई में कमी आई है।



## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 101 कन्याओं का पूजन कर मनाया दुर्गाष्टमी पर्व

**जयपुर।** दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पूरे विधि-विधान के साथ कन्या पूजन कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री ने कच्ची बस्ती की 101 कन्याओं का पूजन किया और उनके पैर धोए —तिलक लगाकर आरती की और उन्हें अपने हाथों से भोजन कराकर माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दीया कुमारी ने कहा कि कन्या देवी का ही स्वरूप होती है और नवरात्र के दौरान माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा का यही उद्देश्य होता है कि समाज में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। उन्होंने कन्याओं से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना और उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया है। जिसको लेकर बच्चियों में काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है । बच्चिया भी आगे बढ़ने के साथ पढ़ना चाहती है । उन्होंने कहा की समाज में लगातार बदलाव भी आ रहा है। वही उन्होंने कहा की बेटे और बेटियों दोनों को समान अवसर देना चाहिए। इससे हमारी बेटियां आगे बढ़ेगी और आत्मनिर्भर बनेगी।

शिक्षा मंत्री ने दी चेतावनी : अधिकारी बिना अनुमति विदेशी उत्पाद न खरीदें

# विदेशी वस्तुओं का प्रयोग बंद करें

FAIR REPORT

जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की हर ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये की राशि स्वच्छता कार्यों के लिए उपलब्ध करवाई है। उन्होंने सभी पंचायतों से अपील की कि इस राशि का सदुपयोग करते हुए गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पंचायत में स्वच्छता की स्थिति खराब पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर विशेष कार्यवाही की जाएगी। विदेशी वस्तुओं के उपयोग पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम देशभक्ति की बात करते हैं, तो हमें विदेशी वस्तुओं का प्रयोग बंद करना चाहिए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और संस्कृत शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति विदेशी उत्पाद न खरीदे, अन्यथा व्यक्तिगत वसूली की जाएगी। इस दौरान पिपराली के खेल मैदान में शिक्षा मंत्री ने पौधारोपण किया। इस दौरान ग्रामीणजन व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को सीकर के ग्राम दूजोद एवं पिपराली स्थित वैदिक आश्रम के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन एवं दूजोद क्लब द्वारा आयोजित 75 वीं जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं, जिनका विस्तार ग्रामीण स्तर तक होना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक खेल सुविधाएं सुलभ करवाई जाएंगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना योगदान दें।



### साफ-सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

शिक्षा मंत्री ने खण्डेला क्षेत्र की लाखनी, ठीकरिया तथा पलसाना पंचायत समिति की सुजावास ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले और नालियों की सफाई का अभाव पाया गया, जिस पर शिक्षा मंत्री दिलावर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शीशराम यादव को निर्देश दिए कि इन पंचायतों की साफ—सफाई व्यवस्था की जांच के लिए एक टीम गठित की जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 'डोटासरा शिक्षकों के तबादले के लिए पैसे ले रहे थे'

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एक दिवसीय दौरे पर सीकर आए। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश में शिक्षकों के तबादलों पर बाद की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आरोपों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि डोटासरा मेरे मित्र हैं, लेकिन बेईमान मित्र हैं। मीडिया से बातचीत में दिलावर ने कहा कि डोटासरा शिक्षकों के तबादलों में पैसे ले रहे थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, "वह सही कह रहे हैं। उनमें बहुत गुण थे, वह मुझमें नहीं है। पिछले शासन में जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत थे, तब डोटासरा उनके पास बैठे थे। इसी दौरान गहलोत ने शिक्षकों से पूछा कि क्या ट्रांसफर में रुपए चलते हैं। तब शिक्षकों ने इस बात पर हां कहा। इसका अर्थ यह था कि डोटासराजी शिक्षकों के तबादलों में पैसे ले रहे थे।

## दिव्यांगजन को स्कूटी एवं अंग उपकरण किए गए वितरित

FAIR REPORT

जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनो को स्कूटी एवं सुनने में सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भरता और नई आशा की राह दिखाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में मूक-बधिर विद्यालय में दिव्यांगजन को स्कूटी एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस मौके पर देवनानी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह आयोजन केवल उपकरण वितरण



भर नहीं है बल्कि यह दिव्यांगजनों के सपनों को पंख देने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि जीवन एक रणभूमि है। इसमें सभी को संघर्ष कर आगे बढ़ना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द देकर इन बच्चों की दिव्यता को सम्मान दिया है। सेवा ही सच्चा धर्म है। महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाड़े के दौरान अनेक सेवा गतिविधियां संचालित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी सेवा भाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। कान की मशीन की सहायता से अब बच्चे पक्षियों की चहक, माँ की लोरी और मित्रों की ठिठोली सुन सकेंगे।

## नकली दवा से मौत मामले में न्यायिक जांच हो : खाचरियावास

FAIR REPORT

जयपुर

प्रदेश में खांसी की सिरप पीने से हुई बच्चे की मौत और अन्य जगहों पर लोगों की तबीयत बिगड़ने के मामले में सियासत तेज हो गई है। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मामले में न्यायिक जांच की मांग करते हुए पुरजोर तरीके से मुद्दा उठाया हैं। खाचरियावास ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार को दवा के नाम पर जहर बांटने का कोई अधिकार नहीं है। खाचरियावास जयपुर में अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान सीकर में नकली दवा पीने से एक बच्चे की मौत पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने लंबे समय से पूरे राजस्थान



में नकली दवा खरीद के बड़े घोटाले की आशंका जताई है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने मामले को दबाने की कोशिश की तो वे सड़कों पर उतरकर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से दी जा रही मुफ्त दवाएं लोगों की मौत का कारण बन रही हैं और उन्हें बीमार कर रही हैं। उन्होंने सरकार से यह बताने की मांग की है, कि मुफ्त दवा योजना के तहत कितनी दवाएं ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से खरीदी गई हैं और नकली दवा खरीद के लिए कौन जिम्मेदार है। पूर्व मंत्री ने इस घोटाले की न्यायिक जांच कराने की मांग की, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि इससे पता चलेगा कि अब तक नकली दवा पीने से कितने लोगों की मौत हुई है और कितनी ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से दवाएं खरीदी गई हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुफ्त दवा और मुफ्त इलाज कांग्रेस सरकार का एक ड्रीम प्रोजेक्ट था, जिससे लोगों को बहुत लाभ मिला था और वे इस पर भरोसा करते थे।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी सहायक उपकरण की सौगात, जामडोली में लगेगा शिविर

# बुजुर्ग अपने जीवन की दूसरी पारी आरामदायक ढंग से बिताएं

FAIR REPORT

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की के निर्देशों के अनुपालना में सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के जामड़ोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को जीवन को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न सहायक उपकरण (व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, कमर व घुटने की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, बैशाखी, वॉकर, ट्राईपोड, श्रवण यंत्र) प्रदान किए जा रहे हैं। बी.पी. चंदेल ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 08 अगस्त से 23 सितम्बर 2025 तक पंचायत समिति और नगर निकायों में चिन्हीकरण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि अभियान का द्वितीय चरण 01 अक्टूबर, अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय संकुल, जामड़ोली में आयोजित शिविर के माध्यम से पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किया जाएगा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक वरिष्ठ जनों को सहायक उपकरण वितरित कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाएँ।



### राज्य सरकार उठा रही है कदम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा और खुशियों के रंग भर रही है। सरकार ने बुजुर्गों को सम्मान, सहारा और सुरक्षा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार का संकल्प है कि बुजुर्ग अपने जीवन की दूसरी पारी को न केवल सहज और आरामदायक ढंग से बिताएं, बल्कि उसमें आनंद और आत्मसम्मान भी महसूस करें। इसी ध्येय के साथ राज्य सरकार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से वरिष्ठजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं से बुजुर्गों को संबल तो मिल ही रहा है, साथ ही उनकी सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है। बुजुर्गों को जीवन के आखरी पड़ाव में पोषण, स्वास्थ्य और आवास के साथ ही समुचित देखभाल की भी आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बेसहारा और परित्यक्त बुजुर्गों को वृद्धाश्रमों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

## ब्रीफ खबरें

### मंत्री ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन




**जयपुर।** सीकर के धोद कस्बे के अनोखूं रोड पर नवनिर्मित सेठ धर्मचंद कपूरी देवी पाटनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया। स्वास्थ्य केंद्र सेठ धर्मचंद पाटनी चैरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा 5.50 करोड़ रुपए की लागत से धर्मचंद पाटनी के पुत्र विमल पाटनी, विजय पाटनी, सुरेश पाटनी, अजीत पाटनी, नरेश पाटनी और वीरेन्द्र पाटनी के सहयोग से बनाया गया है। इस दौरान यूडीएच राज्य मंत्री खर्रा ने बताया कि स्वायत शासन विभाग की तरफ से जो भी कार्यवाही होनी थी, वह पूरी कर ली गई है। जैसे ही ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आएगी, 3–4 दिन में सीटों की लॉटरी निकालकर राज्य निर्वाचन आयोग से चुनाव की तारीखों को लेकर अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने 13.50 लाख पट्टों की जांच पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि अब तक अधिकारियों की कमी के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया, लेकिन जैसे ही अधिकारी उपलब्ध होंगे, जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में विधायक गोवर्धन वर्मा, सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पर्यावरण राज्य मंत्री ने दी स्व. नंदलाल मीणा को पुष्पांजलि



**जयपुर।** माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय शर्मा मंगलवार को पूर्व मंत्री स्व नंदलाल मीणा के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए ग्राम अम्बा माता का खेड़ा स्थित उनके निवास स्थान पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय नंदलाल मीणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय मंत्री के पुत्र एवं राज्य सरकार के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और परिवारजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में भाजपा नेता की मौत, ऊंट से टकराकर कार पलटी

**जयपुर।** बीकानेर-सरदारशहर रोड पर सोमवार देर रात ऊंट सामने आ जाने से कार पलटी खा गई। हादसे में श्रीडूंगरगढ़ के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार- मृतक विक्रम सिंह सत्तासर गांव के रहने वाले थे। अपनी कार में सरदारशहर से आडसर गांव के मार्ग पर जा रहे थे। इसी दौरान एक ऊंट उनकी गाड़ी के सामने आ गया, जिसे बचाने के दौरान कार पलट गई और वो गंभीर घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने उसे उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। देर रात की इस घटना के बारे में लोगों को सुबह पता चला। इसके बाद सत्तासर सरपंच सुनील मलिक, झंझेऊ सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ सिंह पूर्व सरपंच रतन सिंह पूर्व सरपंच समुंदर सिंह, भाग सिंह शेखावत और महावीर सिंह शेखावत मौके पर पहुंच गए। देर रात परिजनों को नहीं बताया गया और उन्हें मंगलवार सुबह सूचना दी गई, जिसके बाद घर में मातम पसरा। परिजनों ने बताया कि विक्रम सिंह भाजपा में लंबे अर्से से सक्रिय थे।

### रेरा का पोर्टल वर्जन 2.0 में अपग्रेड, सेवाएं होंगी अधिक तेज

**जयपुर।** रेरा राजस्थान ने हितधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेरा पोर्टल का नया वर्जन-2.0 शुरू किया। यह वर्जन https://rera.rajasthan.gov.in वर्ष 2018 से संचालित वर्जन-1.0 के स्थान पर लागू किया गया है। राजस्थान रेरा के रजिस्ट्रार ने बताया कि रेरा राजस्थान के नए पोर्टल वर्जन 2.0 से प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन और कम्पलेन्ट प्रक्रिया और सरल बन गई है। इस अपग्रेड से रेरा कि सेवाएं अधिक तेज और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने बताया कि नए पोर्टल को और अधिक सुद्दढ़ और उपयोगी बनाने के लिए आईटी टीम निरंतर कार्यरत है। रेरा रजिस्ट्रार ने बताया कि सितम्बर माह में वर्जन 2.0 पर 41 नए प्रोजेक्ट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसी अवधि में 30 नई कम्पलेन्ट्स दर्ज की गईं तथा लगभग 250 कम्पलेन्ट पत्रावलियों में ऑनलाइन शो-कॉज नोटिस, हियरिंग नोटिस एवं लिस्टिंग नोटिस जारी किये गये हैं।

## ब्रीफ खबरें

### छह करोड़ 54 लाख का नशीला पदार्थ जलाकर किया खाक



**बूंदी।** जिले की पुलिस ने नशे के कारोबार पर करारी चोट करते हुए मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस लाइन परिसर में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 10 प्रकरणों से जब्त किए गए 42 क्विंटल 92 किलो 06 ग्राम डोडा चूरा, 8 किलो 543 ग्राम गांजा और 30 ग्राम स्मैक को आग के हवाले कर नष्ट किया गया। इन मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 6 करोड़ 54 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय व महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज के निर्देशानुसार की गई। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि नशे की नष्टीकरण प्रक्रिया से पहले न्यायालय द्वारा जब्त मादक पदार्थों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके बाद जिला औषधि व्ययन समिति की अनुमति से पुलिस लाइन में यह माल जलाकर नष्ट किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, वृताधिकारी अरुण मिश्रा, थानाधिकारी रमेश आर्य, अपराध सहायक दिनेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने आवश्यक रिकॉर्ड का मिलान कर मादक पदार्थों का वजन कराया और फिर नष्टीकरण की प्रक्रिया संपन्न की। पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करवाई गई।एसपी ने बताया कि यह जब्त माल जिले के हिण्डोली, बसोली, कोतवाली और डाबी थानों में दर्ज कुल 10 प्रकरणों से संबंधित था।

### रील बनाने से रोका, नाराज़ होकर निकली पत्नी 20 दिन से लापता

**अजमेर।** शहर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मिस्त्री मोहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी जय किशन की पत्नी रितु बंसीवाल फिल्मी गानों पर इंस्टाग्राम रील बनाकर अपलोड करती थी। इस पर पति ने आपत्ति जताई और उसे ऐसा करने से मना किया। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर दंपति में विवाद हुआ। नाराज पत्नी अपने दो साल के छोटे बेटे को लेकर अचानक बिना किसी को बताए घर से निकल गई। पति जय किशन के अनुसार, यह घटना 9 सितंबर 2025 की है जब उसकी पत्नी घर छोड़कर गई और तब से अब उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा। पत्नी और बेटे



के अचानक लापता हो जाने के बाद जय किशन ने स्थानीय अलवर गेट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन पीड़ित का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। 20 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो उसकी पत्नी और बेटे का पता लगाया और न ही जांच की दिशा के बारे में जानकारी दी।

### इंतजार करते रहे सांसद अमराराम, नहीं मिलने दिया गया वांगचुक से



**जोधपुर।** लेह में आंदोलन के बाद एनएसए के तहत गिरफ्तार कर यहां लाए गए सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने माकपा सांसद अमराराम और पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जोधपुर जेल पहुंचा। सीकर सांसद अमराराम जेल के बाहर वांगचुक से मिलने की अनुमति का इंतजार करते रहे, लेकिन सरकार से मंजूरी नहीं मिलने पर लौट गए। जोधपुर जेल के जेलर ने कारागार से बाहर आकर सांसद अमरराम को जेल नियमों का हवाला दिया। जेलर ने कहा कि सरकार से वांगचुक से मिलने की इसके लिए अनुमति नहीं है। इसके बाद संसद ने धन्यवाद पत्र जेलर को सौंपा और कहा कि यह सोनम वांगचुक तक पहुंचा दें। इस पर जेलर ने कहा कि जेल अधीक्षक देंगे। सांसद ने पत्र की पावती भी जेलर से ली। सरकार से मिलने की मंजूरी नहीं मिलने पर सांसद अमराराम ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वांगचुक अपने राज्य के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार उनका दमन कर रही है। उन्होंने जेएनवीयू में 2 दिन पहले दलित छात्रा की पिटाई के मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि हम उससे मिलेंगे। हमें पता चला है कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले जेल के बाहर इंतजार कर रहे माकपा सांसद अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार ने लद्दाख के लोगों से वादा नहीं निभाया। वांगचुक वहां के नेता हैं। उन्हें यहां लाकर जेल में बंद किया।

### एबीवीपी की प्रांत मंत्री पर नकल के आरोप, एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षा में एमए हिंदी सेकंड सेमेस्टर के पेपर में जोधपुर में एबीवीपी की प्रांत मंत्री पूनम भाटी पर परीक्षा में नकल करने के आरोप लगे हैं। इस घटना को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई की ओर से जेएनवीयू के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इस घटना को लेकर नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पूर्व में मंत्री की पुत्री यहां नकल करते पकड़ी गई थी। इसका



मामला रफा-दफा कर दिया। अब एबीवीपी की पदाधिकारी नकल करती पकड़ी गई है। अब इस मामले में पार्टी का क्या रुख रहेगा? सत्ता के दम पर पूरी पार्टी इस मामले की रफा दफा करने में जुटी है। वहीं, एनएसयूआई जोधपुर के जिला अध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी ने सोशल मीडिया पर मांग की है कि एबीवीपी संगठन ऐसे दायित्व पर बैठे पदाधिकारी को तुरंत दायित्व मुक्त करें।

## गुब्बारे पर लिखा- '14 अगस्त जश्न-ए-आज़ादी', मचा हड़कंप, दुकान से पूरा संदिग्ध माल जब्त

# बिस्किट के पैकेट में मिले 'पाकिस्तानी झंडे', सीज

FAIR REPORT

**झालावाड़**

देश की मिट्टी में वतनपरस्ती का जज्बा जितना गहरा है, उतनी ही गहरी साज़िशें भी रची जा रही हैं। मंगलवार को जिले के गंगधार उपखंड से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने सबको हैरान कर दिया। जिसने हर किसी को दंग कर दिया। यहां बच्चों के लिए बिक रहे बिस्किट पैकेटों के अंदर से पाकिस्तानी झंडे और 14 अगस्त जश्ने आज़ादी" लिखे गुब्बारे मिलने से इलाके में बवाल मच गया है। मामला तब उजागर हुआ जब कस्बे के एक व्यक्ति ने अपने बच्चों के लिए आलोट रोड स्थित प्रहलाद राठौर नामक व्यक्ति की किराने की दुकान से बिस्किट खरीदे। घर पर बच्चों ने जैसे ही पैकेट के अंदर छिपे गुब्बारे को फुलाया, उस पर उभर आया हरे रंग का पाकिस्तानी झंडा और 14 अगस्त का जश्न। यह नजारा देखकर परिवार के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पड़ोसियों और पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही इलाके में गुस्से की लहर दौड़ गई। हिंदू संगठनों ने नारेबाज़ी करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक बिस्किट नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी साजिश है, जिसे बच्चों को निशाना बनाकर फैलाया जा रहा है।




### पुलिस अलर्ट, एमपी तक पहुंची

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दुकान से पूरा संदिग्ध माल जब्त कर लिया और थाने में सुरक्षित रखवा दिया। दुकानदार से जानकारी मिली है कि उसको यह माल मध्य प्रदेश के आलोट से आने वाला व्यापारी दिलीप पोरवाल देकर गया था। अब पुलिस ने जांच की दिशा सप्लाई नेटवर्क की तरफ मोड़ दी है। हेड कांस्टेबल गोवर्धन ने बताया कि टीम मध्यप्रदेश के आलोट पहुंच चुकी है, जहां से इन बिस्किटों की सप्लाई हुई थी। आरोपी सप्लायर की गिरफ्तारी के बाद ही पूरी साज़िश का खुलासा हो पाएगा। जिन बिस्कुट के पैकेट के साथ यह आपत्तिजनक सामग्री मिली है उन पर मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनी का पता हावड़ा वेस्ट बंगाल का छपा हुआ है। इससे पुलिस जांच का दायरा बढ़ गया है। पुलिस ने गुस्साए संगठनों को तुरंत समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चाकू और तलवारों से एक-दूसरे पर हमला किया, चार युवक घायल

# जोधपुर में प्रेम विवाह को लेकर दो गुटों में हुआ संघर्ष

FAIR REPORT

**जोधपुर**

यहां कुड़ी थाना क्षेत्र के झालामंड में रविवार देर रात प्रेम विवाह को लेकर दो गुटों में चाकू और तलवारों से भिड़ंत हो गई। इस दौरान चार युवक घायल हो गए, जिनमें गोपी उर्फ गोपिया उर्फ गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य घायलों में पवन मेघवाल उर्फ पवनिया, अनिल कुमार उर्फ भाऊड़ा राजू सहित एक और युवक शामिल है। सभी घायलों को तुरंत जोधपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। यह पूरा घटनाक्रम झालामंड सर्किल से गुड़ा रोड जाने वाले राजू सुपर मॉल के सामने हुआ और घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले को शांत कराने की कोशिशें की जा रही हैं।



**बाजार में मची अफरा-तफरी**

घटना के बाद झालामंड के मेन बाजार में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि प्रेम विवाह के चलते और एक लड़की को जबरन घर से भगाने के विवाद में यह संघर्ष हुआ। लड़की के परिजन मौके की तलाश में थे और इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

### एक पक्ष ने दी अपनी रिपोर्ट

कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हम्मीर सिंह भाटी ने बताया कि झालामंड के मोती मार्केट में राजू सुपर मॉल के सामने सोमवार रात को दो गुटों में विवाद हुआ है। एक पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दी है। मामले की जांच कर रही है। चाकूबाजी और तलवारबाजी में गोपी , पवन मेघवाल, अनिल कुमार समेत एक अन्य घायल हो गया था। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना के करीब छत्तीस घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घायल युवकों के बयान लेने के लिए एम्स अस्पताल भी पहुंची। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की छानबीन कर रही है।

### हिरासत में तबीयत बिगड़ने पर सांसद धरने में पहुंचे



**डूंगरपुर।** जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में पूछताछ के दौरान आरोपी युवक दिलीप अहारी की तबीयत खराब होने के बाद से शुरू हुआ आदिवासी समाज का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। कलेक्ट्रेट के सामने पड़ाव के दूसरे दिन बीएपी सांसद राजकुमार रोत भी पहुंचे। सांसद ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं युवक के साथ किसी तरह की अनहोनी पर मुआवजा दिलाने की मांग रखी। एसपी मनीष कुमार ने कहा कि चोरी के मामले में पूछताछ के लिए युवक को लेकर आए थे। तबीयत बिगड़ने पर उसे भर्ती करवाया था। युवक की हालत अभी स्थिर है। लोग किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की गलत पोस्ट नहीं करे। इस पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। परिजन और ग्रामीण धरने पर बैठे हैं।

### कार-बस में भीषण भिड़ंत, 3 की हुई मौत, कई घायल

FAIR REPORT

**बालोतरा**

जिले में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, बस में सवार दो दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से बालोतरा के नाहटा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे में 12 गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। पचपदरा थानाधिकारी अचलाराम ने बताया कि कार और निजी बस के बीच भिंड़त हुई है। बस जोधपुर से बाड़मेर की तरफ आ रही थी और कार बाड़मेर से जोधपुर की



तरफ जा रही थी। इस दौरान बीच रास्ते में दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि कार में चार लोग सवार थे, जिनमें तीन की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति घायल है। वहीं, बस में करीब 25 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 12 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

### ऑनलाइन गेमिंग के गिरोह के 9 लोगों को पकड़ा

**जोधपुर।** यहां कमिश्नरेट की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के गिरोह के 9 लोगों को पकड़ा। उनके कब्जे से 31 मोबाइल फोन, 13 एटीएम कार्ड और 5 लैपटॉप के अलावा हिसाब-किताब का ब्यौरा भी मिला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आशापूर्णा एनक्लेव में बंगले को किराए पर लेकर कुछ लोग अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर छापा मारा तो वहां पर 9 लोग मिले, जिसमें 8 महाराष्ट्र और एक बिहार का है। पुलिस ने कार्यवाही की तो पता चला कि 1 दिन में ये आरोपी 20 से 25 लाख रुपए का टर्नओवर कर रहे थे। पिछले 2 महीने से यह बंगला किराए पर लेकर यहां पर रह रहे थे।

### सरपंच ने दोस्त के साथ मिलकर पैंथर शावक को उठाया, गिरफ्तार

FAIR REPORT

**करौली**

करौली। जिला पुलिस ने अपनी सतर्कता और तत्परता से एक बड़ी तस्करी को नाकाम कर दिया। करौली पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के नेतृत्व में पुलिस ने देर रात एक पैंथर शावक को तस्करों के चंगुल से बचाया। इस कार्रवाई ने न केवल एक निर्दोष वन्यजीव की जान बचाई बल्कि राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा का संदेश भी दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 27 सितंबर की रात 11:34 बजे करौली पुलिस कंट्रोल रूम को खबर मिली कि एक बोलेरो गाड़ी में कुछ लोग पैंथर शावक को लेकर करौली-गंगापुर रोड की ओर भाग रहे हैं। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल



शिमला, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक चतुर्वेदी और वायरलेस ऑपरेटर रामदयाल ने अधीक्षक के निर्देश पर तुरंत नाकाबंदी शुरू की। इसके बाद पुलिस की तेजी से गंगापुरसिटी थाना क्षेत्र के ताजपुर में 28 सितंबर की रात 2 बजे गाड़ी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी के साथ दो तस्करों, समयसिंह (श्यामपुर सरपंच, करौली) और राजेंद्र मीना को गिरफ्तार किया। गाड़ी में एक 10 साल का बच्चा भी था। जांच में पता चला कि तस्करों ने रामपुर धाबाई की पुलिया के पास से 6-7 महीने के पैंथर शावक को पकड़ा और उसे ताजपुर के भैरों बाबा स्थान पर जाल में बंद कर रखा था।

## थार की पारंपरिक कलाओं, नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से...

# बाड़मेर में 8 और 9 अक्टूबर को होगा थार महोत्सव

FAIR REPORT

**बाड़मेर**

थार की पारंपरिक कलाओं, नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाड़मेर में 8 अक्टूबर से दो दिवसीय 'थार महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर टीना डाबी ने थार महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय थार महोत्सव 2025 का आयोजन 8 अक्टूबर से होगा। जिला पर्यटन अधिकारी कमलेश्वर सिंह ने बताया कि 8 और 9 अक्टूबर को थार महोत्सव 2025 आयोजित होगा। इस अवसर पर राजस्थान के ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों की ओर से विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि थार महोत्सव का शुभारंभ बाड़मेर जिला मुख्यालय पर 8 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ होगा। इसके बाद आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर में मिस थार, मिस्टर थार श्री, मूंछ प्रतियोगिता, ऊंट श्रृंगार, रस्सा कस्सी (पुरुष एवं महिला), पनिहारी मटका दौड़, बास्केटबॉल मैच जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शाम को आदर्श स्टेडियम में सांस्कृतिक संध्या होगी।



### 8 माह बाद एक बार फिर जगी आस

जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि 9 अक्टूबर को सुबह कार्यक्रम में बाड़मेर के पंच गौरव पर्यटन स्थल किराडू मंदिर परिसर में लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यहां ग्रामीण कबड्डी, दौड़, दंपती दौड़, दादा-पोता दौड़, रुमाल झपट्टा एवं मेहंदी प्रतियोगिता जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं होंगी। थार महोत्सव का समापन महाबार के धोरों पर सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा, जिसमें प्रसिद्ध लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां दर्शकों को थार की संस्कृति से रूबरू कराएंगी। इसे पहले यह कार्यक्रम इस साल 11-12 मार्च में होने वाला था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था। वहीं, एक बार फिर अब थार महोत्सव के आयोजन को लेकर तारीखों का ऐलान किया गया है, जिससे थार की प्रतिभाओं को करीब 8 माह बाद एक फिर उम्मीद जगी है। बाड़मेर में इससे पहले वर्ष मार्च 2023 में थार महोत्सव का आयोजन किया गया था। पिछले साल वर्ष 2024 में चुनाव की वजह से यह महोत्सव नहीं हो पाया था। ऐसे में एक साल के अंतराल के बाद अब फिर से बाड़मेर में थार महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में थार क्षेत्र के लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए समां बांधेंगे।

# Grand Durga Puja in Chittorgarh by Bengali Committee, Festival Adorned with Traditions from Kolkata



Manish Malani

Journalist

FAIR REPORT

**Chittorgarh-**The Bengali Committee of Chittorgarh is celebrating Durga Puja with great enthusiasm and devotion. The worship rituals began on Panchami, and as the festival progresses, the excitement among devotees continues to grow. To make the celebration special, artisans and priests from Kolkata have been invited, who have recreated the vibrancy of Bengali traditions in this cultural event.

### Preparations for the Idol Began Eight Months Ago-

A team of 10–12 artisans from Kolkata began work on the idol of Goddess Durga nearly eight months ago. The magnificent idol depicts the goddess slaying the demon Mahishasura. She is shown holding a trident, with Mahishasura at her feet, and a lion as her divine vehicle. Alongside, idols of Goddess Saraswati, Goddess Lakshmi, Lord Ganesha, and Kartikeya have also been installed on the same stage, known in Bengali tradition as the "Chala."

### Priests and Team from Bengal-

Committee official Manik Varman informed that a six-member team has come from Hooghly district of West Bengal. Pritam Banerjee and Shubham Banerjee are performing the rituals, while Sanpa Banerjee is preparing the sacred offerings (bhog). Kanhaiya is playing the traditional drums, with Vimal and Sadhan assisting in cooking and other arrangements.





### Dhunuchi Dance on Maha Ashtami-

The festival, which began on Panchami, includes daily morning and evening rituals, aarti, and cultural programs. On Maha Ashtami, worship started at 10 AM, followed by floral offerings (pushpanjali) at 11:30 AM. In the evening, devotees participated in the traditional Dhunuchi Dance, performed amidst the beats of drums and the sound of conch shells, seeking the blessings of the goddess.

### Sindoor Khela and Immersion on October 2-

On October 1, Navami Puja will be performed, which will include rituals such as animal sacrifice (symbolic), Kumari Puja, and a sacred fire ceremony (havan). On Dashami, October 2, devotees will bid farewell to Goddess Durga. Married women will celebrate the traditional Sindoor Khela, where they apply vermilion to one another and also to the goddess. The idols will then be immersed in water, marking the end of the festival, while inviting the goddess to return next year. A dance competition will also be held in the evening.

### Blend of Culture and Faith-

The entire celebration beautifully showcases the culture and traditions of Bengal. Devotees believe that Goddess Durga in her form of "Mahishasur Mardini" symbolizes the triumph of good over evil. This is why Durga Puja in Chittorgarh has become not just a religious festival, but also a cultural and social celebration with special significance.



## Custodial Death Sparks Massive Protests in Dungarpur; BAP Leaders Demand Action Against Police

FAIR REPORT

**Dungarpur** | Protests intensified in Dungarpur after the custodial death of 28-year-old Dilip Ahari, who was detained by Dovra police last week in connection with a theft case. On Monday, following his health deterioration and subsequent death in Udaipur hospital, family members and villagers staged a sit-in outside the Collectorate, alleging police assault.

Family members accused Dovra police of beating Dilip during interrogation. "My son was healthy when he was taken into custody. He died because the police beat him mercilessly," a grieving family member said during the protest. Aspur MLA Umesh Damor of the



Bharat Adivasi Party (BAP) joined the dharna on Monday. He demanded immediate action against the policemen. "The guilty officers must be suspended and punished. Such brutality cannot be tolerated," he told reporters after reaching Dovra police station.

On Tuesday morning, BAP MP Rajkumar Rot also joined the protest. He demanded strict measures and compensation for the victim's family. "The accused policemen should be suspended without delay. If any mishap happens with the youth, the family must be given a government job and Rs.1 crore compensation," Rot declared at the protest site.

The situation turned tense a day earlier when rumors of Dilip's death spread. Angry villagers blocked roads near Dovra police station twice, forcing police to intervene and clear the jam.

Meanwhile, during the unrest, Sarada DSP Chandmal Singaria, who was on duty, faced an attack on his official vehicle. As he was driving towards the police station, a group of youths stopped his car. Witnesses said some of them shouted slogans and hurled stones, shattering the windshield. One youth allegedly tried to open the driver's side door and, failing that, broke the side glass. Protesters also punched the vehicle. Fortunately, the DSP escaped without injuries. Authorities said the matter is under investigation, and further action will be taken after examining the role of police personnel and protesters in the violent episodes.

## Delhi HC grants injunction in favour of Nagarjuna in personality rights case

**New Delhi**: The Delhi High Court has granted an ad-interim injunction in favour of veteran actor Nagarjuna Akkineni, who is a tall figure in Telugu cinema, restraining multiple entities from misusing his name, image, likeness, and other attributes of his personality for commercial purposes. A bench of Justice Tejas Karia passed the order in a suit filed by Nagarjuna seeking protection of his personality and publicity rights against unauthorised use on websites, e-commerce platforms, and social media, including content generated through artificial intelligence (AI).The actor's lawyers emphasised that Nagarjuna, a celebrated figure in the South Indian film industry with over four decades of contributions and 95 feature films to his credit, has built considerable goodwill and reputation.

## Jaipur Bags ₹918 Crore in Development Projects

FAIR REPORT

**Jaipur,** Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Sunday inaugurated and laid the foundation stone for 99 development projects worth 918 crore across Jaipur, marking one of the city's largest infrastructure pushes in recent years.

The projects span a wide range of sectors, including roads, power, health, education, and public health engineering, with the government stressing that they will significantly improve civic amenities and ease urban challenges.

A key highlight is the construction of an elevated road in Jaipur, aimed at reducing traffic congestion in high-density areas. Similarly, Sanganer and Mansarovar will see major infrastructure upgrades, including new roads, drainage systems, and improved connectivity to residential and commercial zones. The Sanganer Stadium is also set for an extensive facelift, with plans to expand facilities for athletes and boost sports culture in the city.

Speaking at the event, CM Sharma said the projects reflect the state government's commitment to balanced urban development. "These initiatives will not only improve living standards in Jaipur but also create opportunities for youth, enhance healthcare delivery, and strengthen our educational infrastructure," he said. Officials from the Jaipur Development Authority (JDA) and other departments noted that the projects will be rolled out in phases, with priority given to critical infrastructure such as road expansion, water supply, and health centers.

The announcement has drawn attention from civic groups and residents, many of whom welcomed the move but also urged strict timelines and quality monitoring to ensure effective execution.

With local body polls around the corner, the massive investment is also being seen as a political signal, as the state government looks to showcase development as its central agenda.

## Auction of Vehicles Seized in Drug Trafficking Generates Rs 25 Lakh Revenue for Government

FAIR REPORT

**Chittorgarh,** September 30: Vehicles seized in drug trafficking cases from various police stations across the district were disposed of through an auction. On Tuesday, the District-level Drug Disposal Committee conducted an auction of 20 vehicles at the Wonder Town Hall in Nimbahera. These vehicles had been seized by the police in different cases involving drug traffickers. The auction generated approximately Rs 25 lakh in revenue for the government. The auction process was carried out in accordance with the Government of India Gazette Notification and the directives of the Rajasthan Police Headquarters. The vehicles were sold through an open bidding process under the supervision of a five-member committee chaired by District Superintendent of Police (SP) Manish Tripathi. The auction included three two-wheelers, fifteen four-wheelers, and two heavy vehicles.

SP Tripathi stated that Chittorgarh is a major opium-producing district and is located along the state border, making it a convenient route for drug trafficking. Over the years, a large number of vehicles involved in drug smuggling have been seized by district police stations. Due to storage limitations in police warehouses, these vehicles were occupying significant space, making it difficult to accommodate newly seized vehicles. Hence, their disposal through auction was necessary.





The SP further explained that only vehicles for which court orders had been issued or physical verification completed were included in the auction. Proposals for these vehicles were obtained from the respective police stations and then auctioned in the presence of the committee.

The auction committee included ASP Sarita Singh, Crime Assistant Jodharam Gurjar, Deputy Treasury Officer Kailash Bharadia, Junior Accounts Officer, and representatives from the Transport Department. ASI Manoj Kumar, Junior Accounts Officer Shailesh Boriwal, and other staff from the accounts branch assisted in the process.

Participants in the auction included bidders not only from Chittorgarh but also from Udaipur, Bhilwara, Jodhpur, Kota, and even Madhya Pradesh. Each vehicle was sold to the highest bidder, who was then directed for further formalities. After the auction, SP Tripathi stated that the number of vehicles seized in drug trafficking cases in the district is steadily increasing. Considering the storage limitations at police warehouses, the auction process will continue in the future. He also emphasized that strict action against drug traffickers will continue, and properties seized from traffickers will be converted into government revenue wherever possible.

## Ashok Gehlot condemns RSS event at Rajasthan University, questions police role

FAIR REPORT

**Jaipur:** Former Chief Minister Ashok Gehlot on Tuesday strongly condemned the organisation of a Shastra Poojan programme by the RSS at Rajasthan University, calling it "objectionable in itself." He questioned the appropriateness of using an educational institution for such political activities and criticised the police for their handling of student protests. "When NSUI workers protested against this, the police resorted to the use of force. Furthermore, RSS workers took the law into their own hands and assaulted NSUI workers. This shows that the rule of law in Rajasthan is gradually coming to an end, and the RSS has become an extra-constitutional authority," Gehlot said.He added that the incident, which occurred in the presence of the police, reflected the force's failure to act impartially. "This implies that the police are under pressure from the RSS. If the police continue to operate under such pressure, how will they maintain law and order?" Congress leader Sachin Pilot also criticised the police action, terming it "highly condemnable" and wishing the injured NSUI workers a speedy recovery. He emphasised that educational institutions should never be turned into centres of politics. Similarly, Leader of Opposition MLA Tika Ram Jully denounced the alleged lathi charge, vehicle vandalism, and arrests of NSUI leaders, urging the Chief Minister to ensure their immediate release.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.